कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, औरैया वन प्रभाग, औरैया।

पत्रांकः 3996 /14–1 दिनांकःऔरैयाःमई, 16 ,2023

सेवा में,

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता / तहसीलदार,
राजस्व विभाग, औरैया।

विषयः– मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 शासन द्वारा जनपद औरैया के अन्तर्गत तहसील औरैया के ग्राम अस्ता को ऊँचे स्थान पर बसाये जाने के लिये दिये गये निर्देशों के अनुपालन हेतु वन विभाग की 3.943 हे0 आरक्षित वन भूमि को गैरवानिकी प्रयोग एवं बाधक 508 वृक्षों के पातन / ट्रान्सप्लान्ट की अनुमति के सम्बन्ध में।

प्रस्ताव सं0– ***FP/UP/REHAB/149021/2021***

सन्दर्भः– **उप सचिव, उ0प्र0 शासन की पत्र संख्या 3693 / 81–2–2022–800 (331) 2022 दिनांक 16.03.2023** कार्यालय मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ की पत्र संख्या 2979 / 11–सी– **FP/UP/REHAB/149021/2021** दिनांक 17.03.2023, एवं इस कार्यालय की पत्र संख्या 3624 / 14–1 दिनांक 11.04.2023।

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्रों का अवलोकन करें जिसके माध्यम से उप सचिव, उ0प्र0 शासन की पत्र संख्या 3693 / 81–2–2022–800 (331) 2022 दिनांक 16.03.2023 द्वारा उक्त प्रस्ताव में आपत्तियां लगाई गई हैं, जो आपको भी पृष्ठांकित किया गया है, जिसमें बिन्दुवार आख्या चाही गई है। परन्तु आप द्वारा लगभग एक माह व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी उक्त प्रस्ताव में लगाई गई आपत्तियों की अनुपालन आख्या उपलब्ध नहीं कराई है जिसके कारण शासन से लगातार पत्र प्राप्त हो रहे हैं तथा उक्त प्रस्ताव के सदर विधायक श्रीमती गुड़िया कठेरिया द्वारा भी आई0जी0आर0एस0 पर शिकायत संख्या 18162230056433 दिनांक 01.04.2023 को दर्ज की गई है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि प्रस्ताव में लगाई गई आपत्तियों का बिन्दुवार अनुपालन आख्या तैयार इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिससे प्रस्ताव में शीघ्र ही अग्रेतर कार्यवाही कर उच्च स्तर को प्रेषित किया जा सके एवं आई0जी0आर0एस0 पर की गई शिकायत का भी ससमय निस्तारण किया जा सके। इस सम्बन्ध में प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा आज दिनांक को 3.13 पर आपसे मो.से सम्पर्क किया गया। आपका फोन नहीं उठा।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

(इम्तियाज अहमद सिद्दीकी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
औरैया वन प्रभाग, औरैया

पत्रांक– / समदिनांकित।

प्रतिलिपि– जिलाधिकारी महोदय, औरैया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि– अपर जिलाधिकारी, औरैया को इस आशय से प्रेषित कि आप अपने स्तर से उपरोक्त प्रस्ताव में लगाई गई आपत्तियों का निराकरण करने हेतु तहसीलदार, औरैया को निर्देशित करने का कष्ट करें।

प्रतिलिपि– उप जिलाधिकारी, औरैया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(इम्तियाज अहमद सिद्दीकी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
औरैया वन प्रभाग, औरैया

E:\DFO2\DRAFTMEN\Letter 2014-15.doc